हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 जून 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

4 कलेक्टर ने ब्लैकबोर्ड पर लिखकर बच्चों को समझाया गणित



**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायतों में मनेगा किसान उत्सव दिवस

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पीएम-किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जिले के सभी जनपद पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।जारी निदेर्शों के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों के उपयुक्त स्थानों पर प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी एवं किसान बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दस्तावेजीकरण के लिए ईपीसीएस एप के माध्यम से फोटो एवं अन्य गतिविधियों का संकलन किया जाएगा। साथ ही अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा तथा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## मारवाड़ी युवा मंच का योग शिविर कल

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, तेजस्विनी शाखा मनेन्द्रगढ़ द्वारा 21 जून रविवार को भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा, जिसमें मंच के सदस्य, उनके परिवारजन तथा नगर के सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। तेजस्विनी शाखा मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष अनीता फरमानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बीच योग की महत्ता और भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस योग शिविर का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। शिविर में योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। फरमानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर योग आज वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान बन चुका है। दुनिया के अनेक देशों में लोग योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। अध्यक्ष अनीता फरमानिया ने कहा कि स्वस्थ जीवन का सबसे सरल और प्रभावी आधार योग है। यदि हम प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालें तो अनेक बीमारियों से बच सकते हैं और बेहतर जीवन जी सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से 21 जून को प्रातः शिशु मंदिर प्रांगण पहुंचकर योग शिविर में सहभागी बनने तथा स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने की अपील की है।

### मुंडन कर चेहरे पर पोती थी कालिख, न्यायालय ने भेजा न्यायिक रिमांड पर जेल

# पत्नी के साथ हैवानियत करने वाला पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पटना थाना क्षेत्र में बीते दिवस इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक गंभीर मामला सामने आया जहां एक पति ने अपनी पत्नी के चरित्र शंका को लेकर उसके साथ मारपीट की बल्कि पत्नी का सिर मुड़न कर दिया और चेहरे पर कालिख पोत दी। हैवानियत की हद पार करते हुए जबरन पेशाब पिलाने की घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया।

इस मामले में पीड़ित पत्नी की शिकायत पर पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति के विरूद्ध अपराध क्रमांक 167/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में इस अमानवीय व्यवहार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत में ग्राम रूनियाडीह थाना विश्रामपुर जिला सूरजपुर निवासी जितेन्द्र घसिया पर महिला के साथ मारपीट करने, गाली-गलौज कर धमकी देने और अपमानित करने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसके सिर के बाल कैंची और ब्लेड से काट दिए तथा उसके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पटना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की और आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



गिरफ्तार आरोपी।



घटना का वीडियो वायरल, खुद लाकर पिलाया पेशाब

पति ने किया मुंडन, चेहरे पर पोती कालिख, बच्चे से कराया पेशाब

हैवानियत की हद

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**20 साल पहले प्रेम विवाह किया था:** प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अमानवीय मामले में आरोपी व पीड़िता के बीच वर्ष 2006 में प्रेरम विवाह हुआ था। दोनों के दाम्पत्य जीवन से चार बच्चे हुए और शुरूआत में वैवाहिक जीवन अच्छा चल रहा था लेकिन बाद में पारिवारिक विवाद बढ़ने लगा इसके फलस्वरूप पीड़िता लगभग एक साल से पति से अलग अपने रिश्तेदार के यहां रह रही थी। जहां बीते दिनों आरोपी पति पहुंचा ओर चरित्र शंका को लेकर विवाद करने के दौरान मारपीट करने के साथ अमानवीय घटना को अंजाम दिया।

### सोशल मीडिया में वीडिया वायरल किया

मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में आरोपी पति ने अपनी पत्नी से चरित्र शंका को लेकर मारपीट करने के साथ, सिर मुण्डवाना, चेहरे पर कालिख पोतने के साथ ही पेशाब पिलाने का कृत्य किया। आरोपी पति ने अपनी पत्नी को अपमानित करने नियत से ऐसा अशोभनीय कृत्य किया गया तथा घटना का वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल किया।

### गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने की मांग

इस मामले में पीड़िता के भाई ने बताया कि मामले में पुलिस ने जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बीएनएस की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज होना चाहिए और आरोपी को आजीवन कारावास या फांसी की सजा मिलनी चाहिए। पीड़िता के भाई ने बताया कि बहन के साथ आरोपी का रिश्ता एक साल से ठीक नही चल रहा था। भाई ने मामले की जानकारी सीएम कार्यालय सहित अन्य जगहों पर भेजने की जानकारी दी और कहा कि इस मामले में न्याय दिलाने के लिए अंतिम दरवाजा पर जाएंगे।

# अंकसूची के इंतजार में पांचवीं-आठवीं के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ नया सत्र शुरू होने के बाद भी नहीं मिला दस्तावेज

नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरूआत 16 जून से हो चुकी है, लेकिन कोरिया जिले में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों को अब तक अंकसूची का वितरण नहीं किया गया है।

बीते शिक्षा सत्र के अंतिम दिवस 30 अप्रैल को जिला स्तर पर कक्षा पांचवीं और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया था। इसके बाद करीब डेढ़ माह बीत जाने के बावजूद विद्यार्थियों को अंकसूची नहीं मिल पाई है। अंकसूची नहीं मिलने के कारण विद्यार्थी और अभिभावक परेशान हैं। अगली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, ऐसे में बच्चे प्रतिदिन अपने विद्यालय पहुंचकर अंकसूची मिलने की जानकारी शिक्षकों से ले रहे हैं। विद्यार्थियों को चिंता है कि अंकसूची के अभाव में अगली कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया प्रभावित न हो जाए। हालांकि विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टीसी) उनके क्षेत्र की पोषक शालाओं में भेजे जा रहे हैं, ताकि बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश मिल सके। शिक्षकों का कहना है कि ऐसी स्थिति में पोषक शाला में विद्यार्थियों का नाम दर्ज किया जा सकेगा और अंकसूची मिलने के बाद उसकी फोटोकॉपी जमा कराई जा सकती है। अंकसूची उपलब्ध नहीं होने के कारण किसी भी विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रवेश से ⏭ शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो

# सीएमएचओ ने ली चिरायु कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में 18 जून को चिरायु कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने की। इस दौरान जिले में चिरायु योजना के तहत बच्चों को मिल रहे उपचार, सर्जरी एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, जिला सलाहकार डॉ. पुष्पेंद्र सोनी, चिरायु टीम के नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार गुप्ता सहित सभी विकासखंडों की चिरायु टीम, डीपीएचएन, डीपीसी एवं एनवीबीडीसीपी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत उपचार प्राप्त कर रहे बच्चों की विभिन्न श्रेणियों (ए,बी,सी,डी एवं ई) की जानकारी ली गई। अब तक कराई गई सर्जरी, बच्चों की फॉलोअप स्थिति तथा लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए शेष बच्चों की सर्जरी शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों के भ्रमण की प्रगति ⏭ शेष पेज 4 पर



# कार सहित 32 बोरी चोरी का कोयला बरामद

■ रामनगर से लाकर बिजुरी में बेचने की थी तैयारी

**अनूपपुर।** बिजुरी पुलिस ने देर रात रेड कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला सहित ओमिनी कार को बरामद किया है।

रात के अंधेरे में हो रही थी कोयला तस्करी,गुलाब ग्राउंड के पास घेराबंदीकर अवैध कोयला परिवहन में लिप्त वाहन कोयला सहित जप्त किया,आरोपी द्वारा मारुति ओमनी वैन से रामनगर से लाकर बिजुरी में बेचने की थी तैयारी में था,वाहन चालक राजेश प्रजापति उर्फ सरदार 38 वर्ष पिता शंभू प्रजापति निवासी सीएमपीडीआई कैंप बिजुरी से जब पूछताछ की गई,तो उसने ओमनी कार में लोड 32 बोरी कोयला रामनगर से चोरी कर बिजुरी में बेचने के उद्देश्य से लाना स्वीकार किया,कोयले के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज या खनिज रॉयल्टी रसीद न होने पर पुलिस ने वाहन सहित चोरी का कोयला जब्त कर लिया,जब्त 32 बोरी कोयले की कीमत 10,000/ बताई गई,पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई,इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विकास सिंह सहायक उपनिरीक्षक सउनि रविकरण पयासी एवं आरक्षक रवि सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।



# यातायात नियमों के पालन के लिए चलाया जाए विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

■ जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

कलेक्टर हर्षल पंचोली की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व में आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णयों एवं दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी निर्माण एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए,उन्होंने कहा कि जनहित में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इस दिशा में सभी विभागों को सक्रिय एवं जिम्मेदारीपूर्ण भूमिका निभानी होगी, कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में संचालित ओवरलोड वाहनों पर विशेष निगरानी रखने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है,इसलिए इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम किया जाए,जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके,बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन हेतु विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाने की आवश्यकता है, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों के पालन तथा हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा जनहानि को रोकने के लिए नागरिकों द्वारा यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है, जिले में पूर्व में चिन्हित 11 ब्लैक स्पॉट्स में से अधिकांश ⏭ शेष पेज 4 पर

## किसानों को मिलेगी किसान सम्मान निधि

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 23वीं किस्त की राशि का हस्तांतरण माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 20 जून 2026 को तारकेश्वर, हुगली (पश्चिम बंगाल) से किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से दोपहर 3:30 बजे किया जाएगा। भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त दिवस को ‟पीएम किसान दिवस” के रूप में मनाया जाएगा। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, सलका, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया में पीएम किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिले के 31,870 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग 6.37 करोड़ रुपये की राशि सीधे डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में जिले के किसान, जनप्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित कृषि क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। कृषि विभाग ने जिले के पात्र किसानों से कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री के संबोधन का लाभ लेने तथा योजना संबंधी जानकारी प्राप्त करने की अपील की है।




### मानसून की रफ्तार धीमी, झमाझम बारिश का इंतजार

# मानसून की देरी से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसून की रफ्तार धीमी होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। इस वर्ष अब तक मानसून पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है, जबकि बीते साल 15 जून से मानसून सक्रिय होकर लगातार बारिश की गतिविधियां शुरू हो गई थीं।

वर्तमान में हल्की बारिश और बूंदाबांदी तो हो रही है, लेकिन खेती-किसानी के लिए किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दोपहर के समय जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में अचानक आसमान में बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम का मिजाज देखकर लोगों को तेज बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन कुछ देर की हल्की बौछार के बाद मौसम सामान्य हो गया। हालांकि देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे, जिससे धूप का असर कम रहा और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं सोनहत जनपद क्षेत्र के कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी तो कुछ जगहों पर अच्छी बारिश होने की जानकारी सामने आई है। किसानों का कहना है कि जब तक अच्छी बारिश नहीं होगी और जमीन में पर्याप्त नमी नहीं आएगी, तब तक खेती का काम गति नहीं पकड़ पाएगा। हल-बैल से खेतों की जुताई के लिए मिट्टी में नमी जरूरी होती है। हालांकि कुछ ⏭ शेष पेज 4 पर



### अल्प व खण्ड वर्षा की स्थिति

इस वर्ष मानसून के देरी से किसानों की चिंता बढने लगी है हालांकि अभी ज्यादा देरी नहीं हुई है। आने वाले कुछ दिनों में मानसून सक्रिय हो जाता है और बारिश अच्छी होती है तो खेती किसानी कार्य जोर पकडने लगेगा। वर्तमान में जिले में ऐसी स्थिति है कि कही अल्प वर्षा हो रही है तो कही बूंदाबांदी। इस तरह अब तक खण्ड वर्षा की भी स्थिति निर्मित हुई है।



## द इंडिया स्टोरी का पोस्टर रिलीज, काजल और श्रेयस उठाएंगे मिलावटखोरी का मुद्दा

**मुंबई।** एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है। द इंडिया स्टोरी फिल्म खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे पर आधारित है और एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा पेश करने वाली है। पोस्टर में श्रेयस तलपड़े एक बीमार छोटी बच्ची को गोद में उठाए नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड में बॉम्बे हाई कोर्ट दिखाया गया है। साथ ही एक कीटनाशक का सिलेंडर गवाह के बॉक्स में रखा हुआ नजर आता है, जो इस बात का इशारा करता है कि फिल्म में कानूनी लड़ाई अहम भूमिका निभाएगी। फिल्म खाने में मिलावट के खतरनाक असर को दिखाएगी और बताएगी कि यह समस्या देश के लाखों परिवारों को कैसे प्रभावित करती है।

लाइफ Style

# अदा



## मराठी सिनेमा की तरफ बढ़ाए कदम

अभिनेत्री अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में एक्टिंग का जादू बिखरने को तैयार हैं। उनकी पहली मराठी फिल्म का पहला पोस्टर सामने आ गया है। 'द केरल स्टोरी' और '1920' जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


उनकी पहली फिल्म होगी 'गजरा'। इसका ऐलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म 'गजरा' का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, 'मराठी में मेरी पहली फिल्म 'गजरा'। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है'। अदा शर्मा ने आगे लिखा है, मेरी पहली फिल्म 1920 से केरल स्टोरी, सनफ्लावर, कमांडो, बस्तर, रीता सान्याल तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें। फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## स्पाइडर-मैन की शक्तियां आउट ऑफ कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो के लिए 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोनी पिक्चर्स इंडिया ने गुरुवार 18 जून की सुबह हिंदी ट्रेलर रिलीज किया है, जिसमें टॉम हॉलैंड पर्दे पर पीटर पार्कर यानी स्पाइडर-मैन बनकर लौट रहे हैं। 2 मिनट 35 सेकेंड के इस ट्रेलर में हमें 'स्पाइडर-मैनः नो वे होम' की घटनाओं के बाद की झलक मिलती है। लेकिन, सबसे अधिक चौंकाने वाला सीन वो है, जहां हम स्पाइडर-मैन को ब्रूस बैनर यानी हल्क से भिड़ते हुए देखते हैं। जैसे-जैसे पीटर खुद को पहले से ज्यादा मुश्किल हालात में धकेलता है, उसकी शक्तियां आश्चर्यजनक तरीकों से बदलने लगती हैं।



## उम्मीदों पर खरी उतरेगी अवेंजर्स डूम्सडे

**लॉस एंजिल्स।** रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जो पहले एमसीयू फिल्मों में टोनी स्टार्क यानी आयरन मैन का किरदार निभा चुके हैं, इस बार इस फिल्म में विलेन डॉक्टर डूम के रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म दिसंबर में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने कहा है कि आने वाली मार्वल फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरेगी और 'अवेंजर्सः एंडगेम'के बाद दर्शकों को निराश नहीं करेगी। एक इंटरव्यू में, जो उन्होंने फिल्म के को-डायरेक्टर जो रूसो के साथ दिया, रॉबर्ट ने कहा कि फिल्म को बहुत सोच-समझकर बनाया गया है ताकि एवेंजर्सः इन्फिनिटी वार और 'अवेंजर्सः एंडगेम'जैसी बड़ी फिल्मों के बाद भी यह दर्शकों को पसंद आए। उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी परफॉर्मेंस की बात नहीं है।



## दायरा की पहली झलक आई सामने...

**नई दिल्ली।** सैम बहादुर और राजी जैसी शानदार फिल्में बनाने वालीं निर्देशक मेघना गुलजार आने वाले समय में फिल्म दायरा से दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। लंबे समय से दायरा की चर्चा चल रही है, जिसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान और साउथ अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे कलाकार अहम किरदार में मौजूद हैं। गुरुवार को दायरा फिल्म की पहली झलक बीटीएस वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर सामने आई है। अभिनेता पृथ्वीराज ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर दायरा का एक लेटेस्ट बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनके साथ करीना कपूर भी लेडी पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में मौजूद हैं। दायरा के इस बीटीएस वीडियो से कन्फर्म होता हो कि ये फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।



## मुसीबत में फंसे लोगों को बचाते दिखे सनी

**मुंबई।** आमिर खान के बैनर तले बनी फिल्म 'बंटवारा 1947' के फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज होने के अगले ही दिन मेकर्स ने इसका टीजर रिलीज कर दिया। बंटवारे की त्रासदी को दिखाते हुए बैकग्राउंड में आवाज चल रही है, 'हिंदुस्तान, जिसे बड़े संघर्ष और कुर्बानियों के बाद 200 साल की गुलामी से आजादी तो मिली, मगर अफसोस कि मुल्क का बंटवारा हो गया। मजहब के नाम पर इंसानियत की हत्या हो रही थी'। इसके बाद टीजर में बंटवारे के वक्त के उन दिल दहला देने वाले दृश्यों को दिखाने की कोशिश की गई है। बैकग्राउंड आवाज आमिर खान की है। बंटवारे के वक्त के मार्मिक सीन हैं। हर तरफ खून-खराबा है। विभाजन के हाहाकार वाले मंजर के बीच सनी देओल की एंट्री होती है। इसी के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, करण देओल और अली फजल की झलक दिखाई गई है।

## टीवी मसाला

## भक्ति में डूबे 'तारक मेहता के' मिस्टर अय्यर, जमीन पर बैठ बजाया मजीरा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाने वाले तनुज महाशब्दे का एक वीडियो चर्चा में हैं, जिसे देख फैंस हैरान हैं और उनकी तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में तनुज महाशब्दे एक भजन संध्या में लीन नजर आ रहे हैं। वह आम लोगों के बीच जमीन पर बैठकर भजन-कीर्तन कर रहे हैं और कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। तनुज महाशब्दे साथ ही मजीरा भी बजा रहे हैं। उनका यह अंदाज और आध्यात्म वाला रूप देख फैंस मुरीद हो गए हैं। मालूम हो कि तनुज महाशब्दे 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिस्टर अय्यर का किरदार निभाते हैं, जोकि एक साउथ इंडियन किरदार है। वह शो में बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता के पति बने हैं।



हालांकि, असल जिंदगी में तनुज महाशब्दे न तो साउथ इंडियन हैं और ना ही उनकी शादी हुई है। वह 45 साल के हैं और मध्य प्रदेश के देवास के रहने वाले हैं। तनुज महाशब्दे मराठी परिवार से हैं। शादी न होने की वजह के बारे में तनुज महाशब्दे ने कहा था कि इसकी वजह उन्हें पता नहीं है, पर वह असल जिंदगी के पोपटलाल हैं, जिनकी शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, उम्मीद जताई थी कि उन्हें जल्द ही अच्छा लाइफ पार्टनर मिल जाएगा। तनुज महाशब्दे ने एक बार एक इंटरव्यू में बताया था कि मिस्टर अय्यर के रोल के लिए उन्होंने कैसे तैयारी की थी। तनुज ने बताया था कि उन्होंने साउथ इंडियन स्टाइल में न सिर्फ लुंगी बांधना सीखा, बल्कि चेन्नई जाकर साउथ इंडियन लोगों के बीच कुछ समय तक रहे भी थे। उन्होंने उनकी तरह ही बोलना, उठना-बैठना और चलने का तरीका भी सीखा।

### नागिन की चमकी किस्मत



**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते की भी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 जून को टीआरपी लिस्ट जारी कर दी है। पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी जी टीवी का शो गंगा मां की बेटियां नंबर 1 पर बना हुआ है। इस शो की टीआरपी इस हफ्ते 1.9 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में दूसरे नंबर पर जीटीवी का ही शो वसुधा है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर 2 पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तकः पिछले हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते भी नंबर तीन पर जीटीवी का सो तुम से तुम तक है। शो की इस हफ्ते की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। कलर्स के शो नागिन 7 की इस हफ्ते किस्मत चमकी है। ये शो पिछले हफ्ते नंबर 12 पर था और इस हफ्ते शो नंबर चार पर आ गया है। शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 5वें नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। ये शो पिछले हफ्ते भी नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.5 रिकॉर्ड की गई है।



## 'दीवाने हैं' गाने में अक्षय रवीना का वही पुराना जादू

**मुंबई।** फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का नया और मजेदार गाना 'दीवाने हैं' रिलीज हो चुका है, जिसमें अक्षय कुमार और रवीना की जोड़ी को देखकर लोग पुरानी यादों में खो गए हैं। इस गाने को मुख्यमंत्री देवेंद्र गंगाधरराव फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस और आनंद राज आनंद ने गाया है। माना जा रहा है कि ये गाना दर्शकों दर्शकों के दिलों में बसी पुरानी यादों को फिर से तरोताजा कर देगा। कश्मीरी लोक गीत 'रक्षिदा रक्षिदा' के शानदार मेल से सजे इस जोशीले गाने में अक्षय कुमार के साथ रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस की जोड़ी दिख रही है। इस गाने में रवीना के साथ अक्षय कुमार की केमिस्ट्री सभी को गुदगुदा रही है। ये गाना हर तरह से लोगों को नोस्टैलजिक फील दे रहा है। लोगों ने कहा है- एक बार फिर इनके रोमांस के वो पुराने किस्से दिमाग में घूमने लगे। वहीं फिल्म में इस फिल्म में बड़ी स्टारकास्ट शामिल है, जिसमें अक्षय और रवीना के अलावा जैकलीन, दिशा पाटनी, सुनील शेट्टी,अरशद वारसी, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, लारा दत्ता, फरीदा जलाल, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, राजपाल यादव, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, दलेर मेहंदी, आफताब शिवदासानी, मुकेश तिवारी, यशपाल शर्मा, किरण कुमार, जाकिर हुसैन, विंदू दारा सिंह, उर्वशी रौतेला जैसे मंझे हुए कलाकारों ने फिल्म में खास भूमिका निभाई है। बताते चलें कि फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का निर्देशन अहमद खान ने किया है। यह फिल्म 'वेलकम' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग है। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में में हैं, जो अपने आइकॉनिक अंदाज में वापसी कर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला और स्टार स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बिहार का वो लोकगीत, जो सलमान के कॅरियर का बना बड़ा गाना, शारदा को मिली थी 56 रुपए फीस

**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा ने लोकगीतों के साथ-साथ फिल्मों में भी कई यादगार और सदाबहार गीत दिए हैं। एक ऐसा ही गीत उन्होंने सलमान खान की फिल्म में भी दिया जो उनके करियर का कल्ट लव सॉन्ग बन गया।

***37 साल बाद भी बना हुआ है कल्ट :*** खास बात यह है कि यह गाना सलमान खान की डेब्यू फिल्म मैंने प्यार किया के लिए बनाया गया था और दिलचस्प पहलू ये है कि शारदा सिन्हा ने भी इसी फिल्म से बॉलीवुड में अपना संगीत डेब्यू किया था। भले ही यह गाना 37 साल पहले बना हो लेकिन यह आज भी बॉलीवुड के कल्ट लव सॉन्ग में से एक बना हुआ है। इस कल्ट लव सॉन्ग में भोजपुरी के लिरिक्स सीधा दिल को छूते हैं और शारदा सिन्हा की आवाज इसे सुरमय बनाती है। गाने के लिरिक्स फिल्म की कहानी पर एकदम फिट बैठते हैं और इसे फिल्म के हीरो हीरोइन सलमान खान और शारदा सिन्हा पर फिल्माए गए हैं। यह गाना है- कहे तोसे सजना ।



### रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी फिल्म ने

1989 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म मैंने प्यार किया को 1 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ रुपए की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी। डेब्यू फिल्म के लिए सलमान खान को 30,000 रुपएदिए गए थे। लेकिन, आपको जानकर हैरानी होगी की शारदा सिन्हा को यह कल्ट गाना बनाने के लिए सिर्फ 56 रुपए की फीस मिली थी। हालांकि, शारदा सिन्हा कुछ ही फिल्मों में काम करने के बाद लोक गीतों की ओर रूख कर लिया था। उन्होंने गैंग्स ऑफ वासेपुर का मशहूर गाना तार बिजली से पतले हमारे पिया भी गाया था।

## रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां वीकेंड को बनाएंगी रोमांचक

# आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*__नई दिल्ली।__ 19 जून के दिन ओटीटी और थिएटर्स में कई सारी फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। अगर आप भी इस वीकेंड कुछ मजेदार देखने का प्लान बना रहे हैं, तो अपनी पॉपकॉर्न की बाल्टी तैयार रखिए। एक तरफ जहां बड़ी - बड़ी फिल्में बड़े पर्दे पर दस्तक दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर बंद कमरों के रहस्य और पुराने रिश्तों के बदले की कहानियां आपका वीकेंड रोमांचक बनाने के लिए तैयार हैं।*

### ठुकरा के मेरा प्यार सीजन 2

पहले सीजन में शानविका और कुलदीप अलग हो गए थे। कुलदीप को लगा कि शानविका ने उसे धोखा दिया। ऐसे में कुलदीप ने सिर्फ शानविका से ही नहीं, बल्कि उसके पति और उसके परिवार से भी बदला लिया। अब दूसरे सीजन में शानविका, कुलदीप को जवाब देगी। ओटीटीः जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांस, रिवेंज थ्रिलर, लीड एक्टर्स - संचिता बसु और धवल ठाकुर।

### वॉयसमेल्स फॉर इसाबेल

ये एक ऐसी इमोशनल कहानी है जिसमें बहन को खोने के गम को कम करने के लिए एक महिला अपनी बहन के पुराने नंबर पर वॉयस मैसेज छोड़ती है। लेकिन वह नंबर अब एक अजनबी को मिल चुका होता है, जो धीरे-धीरे उन मैसेजेस को सुनकर उस महिला की आवाज से प्यार करने लगता है। ओटीटीः नेटफ्लिक्स, जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्सः जोई ड्यूच और निक रॉबिन्सन।



### सेव द टाइगर्स 3

शादीशुदा जिंदगी से परेशान रहने वाले तीन दोस्त- रवि, राहुल और विक्रम एक बार फिर वापस आ गए हैं। इस सीजन में उनकी रोज-रोज की घरेलू शिकायतों से परेशान होकर खुद भगवान इंद्र धरती पर आते हैं और उनका एक अनोखा टेस्ट लेते हैं, जिससे कहानी में कॉमेडी के साथ-साथ मजेदार फैंटेसी का तड़का लगता है। ओटीटीः जियोहॉटस्टार, जॉनरः कॉमेडी, ड्रामा, फैंटेसी,लीड एक्टर्सः प्रियदर्शी, चैतन्य कृष्णा, अभिनव गोमतम।

### हसबैंड्स इन एक्शन

जब एक महिला का अपहरण हो जाता है, तो उसे बचाने के लिए उसके एक्स पति को उसके पति से हाथ मिलाना पड़ता है। दोनों को अपनी आपसी कड़वाहट भूलकर एक साथ मिलकर एक अजीब और मजेदार रेस्क्यू मिशन पर निकलना पड़ता है। ओटीटीः नेटफ्लिक्स, जॉनरः एक्शन, कॉमेडी, लीड एक्टर्सः जिन सेओन-क्यू, गोंग म्युंग।

### हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं

शोले फिल्म के असरानी के मशहूर डायलॉग पर आधारित ये फिल्म एक डार्क मर्डर मिस्ट्री है। इसकी कहानी उत्तराखंड के पहाड़ों में सेट है, जहां एक पारिवारिक विवाद धीरे-धीरे खूनी खेल में बदल जाता है। जॉनरः क्राइम थ्रिलर / सस्पेंस, लीड एक्टर्सः असरानी, जरीना वहाब, मुश्ताक खान, मिलिंद गुनाजी।

### कॉकटेल 2

साल 2012 की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' के सीक्वल में आज के दौर के दोस्ती, उलझे हुए रिश्तों और दिल टूटने की कहानी को एक नए और स्टाइलिश अंदाज में पेश किया जाएगा। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, लीड एक्टर्सः शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन

### समर्पित

ये एक बहुत इमोशनल और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो एक पिता के अपने बच्चों के प्रति बिना किसी शर्त के प्यार, त्याग और उनके भविष्य को संवारने के लिए किए गए संघर्षों को बड़े पर्दे पर दिखाती है। जॉनरः इमोशनल ड्रामा, लीड एक्टर्सः अंकित यादव, जया भट्टाचार्य।

### टॉय स्टोरी 5

डिज्नी और पिक्सर की इस मशहूर फ्रेंचाइजी के पांचवें पार्ट में वुडी, बज लाइटइयर और उनके दोस्तों की टोली का सामना आज के जमाने के सबसे बड़े विलेन से होने वाला है। इस बार विलेन बच्चों की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, आईपैड और मोबाइल स्क्रीन्स की लत हैं। जॉनरः एनिमेटेड / एडवेंचर।

## खबर संक्षेप

### कुमदा खदान की क्वारी में शव मिलने की सूचना पर दूसरे दिन भी चला तलाशी अभियान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कुमदा सब एरिया अंतर्गत आने वाली क्वारी नंबर 5-6 करमपुर के गहरे जलभराव वाले क्षेत्र में एक व्यक्ति के शव होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस व गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन दूसरे दिन भी शव का कोई पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार बुधवार को बिश्रामपुर पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि करमपुर स्थित क्वारी नंबर 5-6 में किसी व्यक्ति का शव डूबा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी में शव करीब एक माह पुराना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बचाव व खोज अभियान शुरू किया गया। खदान की क्वारी में पानी की गहराई अत्यधिक होने तथा तल में कीचड़ और दृश्यता लगभग शून्य होने के कारण तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। बुधवार को बुलाए गए गोताखोरों ने पानी के भीतर उतरकर शव की तलाश का प्रयास किया, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण अभियान को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को खोज अभियान का दायरा बढ़ाया गया। बिश्रामपुर पुलिस के साथ सूरजपुर की डीडीआरएफ तथा अंबिकापुर की एनडीआरएफ टीम ने भी मोर्चा संभाला।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन करने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा। सीएससी संचालक द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। सत्यापन के उपरांत श्रमिकों की जानकारी को आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुरूप अद्यतन किया जाएगा। इस दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्मतिथि, लिंग तथा मोबाइल नंबर जैसे महत्वपूर्ण विवरणों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक एवं अद्यतन होगा तथा भविष्य में ई-केवाईसी एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। विभाग ने जानकारी दी है कि संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का हस्ताक्षरित सहमति पत्र तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। श्रम विभाग द्वारा सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर अपने अभिलेखों का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कराने की अपील की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने तथा रिकॉर्ड को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। यह अभियान 30 जून तक संचालित रहेगा

### रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस के नियमित संचालन की मांग तेज यात्रियों में बढ़ रहा आक्रोश

**मनेन्द्रगढ़।** रीवा-चिरमिरी और चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन के नियमित संचालन को लेकर क्षेत्र के यात्रियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। कभी प्रतिदिन चलने वाली यह महत्वपूर्ण रेल सेवा पिछले कई महीनों से हर तीसरे दिन संचालित की जा रही है, जिससे एमसीबी, कोरिया और आसपास के जिलों के हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ट्रेन के नियमित संचालन की मांग के बीच स्थानीय सांसद द्वारा रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखे जाने के बाद भी लोगों में यह भावना बनी हुई है कि केवल पत्राचार से समस्या का समाधान नहीं होने वाला।

## सीटें रिक्त बचने पर फिर शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया

# पीजी कॉलेज ने जारी की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची, प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में बुधवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस बार भी गणित एवं डीसीए संकाय को छोड़कर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश लेने के लिए उपलब्ध सीटों की तुलना में काफी अधिक आवेदन मिले हैं। बीएससी बायो संकाय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भारी भीड़ है तथा सीटों की तुलना में तीन गुना से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है।

**खास बात**

- बायो संकाय में मिले 3 गुना अधिक आवेदन, गणित एवं डीसीए में कम हुई रूचि

राजीव गांधी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा व पुराना कॉलेज है तथा हर साल प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन करते हैं। इस बार कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश आवेदन के लिए 1 जून से 15 जून तक की तिथि निर्धारित की गई थी। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी टीसी एवं अंकसूची के लिए स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे तथा निर्धारित तिथि गुजरने के बाद बिना आवेदन प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं। इस बार प्रवेश के लिए विभिन्न संकायों की 1885 सीटों के विरूद्ध 2686 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन करते हैं जो किसी प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं अथवा दूसरे संस्थाओं में भी प्रवेश मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में कुछ संकायों की रिक्त सीटों पर अंतिम समय में प्रवेश होते है। इस बार कला संकाय में 880 सीट के विरूद्ध 970, वाणिज्य की 440 सीट के लिए 530, बायो संकाय की 250 सीट के लिए 779, गणित 255 के लिए 195, बीसीए की 60 सीट के लिए 123 एवं डीसीए 100 सीट के लिए मात्र 39 आवेदन मिले है। स्नातक गणित एवं डीसीए पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रूचि कम हुई है वहीं स्नातक बायों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस बार बायो संकाय में प्रवेश के इच्छुक अधिकांश विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित होना पड़ेगा।



**बायो का कटऑफ 80.6, गणित का 70.6**

पीजी कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी की गई है। मेरिट सूची में स्नातक बायो संकाय के सामान्य वर्ग का कट ऑफ 80.6 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग का 75.8, अजा का 43.2 एवं अजजा का 74.4 प्रतिशत है। स्नातक गणित संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 63..6 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग का 61.2 एवं अजजा का 56 प्रतिशत है। कला संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 66.78, अन्य पिछड़ा वर्ग का 56.6, अजा का 45.2 एवं अजजा का 53.2 है। इसी तरह स्नातक कम्प्यूटर साइंस में सामान्य वर्ग का कटऑफ 78.6, अन्य पिछड़ा वर्ग का 65.6, अजा का 64.4 एवं अजजा का 63.4 है। गणित एवं डीसीए में कम आवेदन मिलने के कारण सभी सीटें भर जाएंगी इसकी संभावना कम है। हालाकि प्रथम मेरिट सूची का प्रवेश पूरा होने के बाद रिक्त सीटों के लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

**खाली रह जाती है सीट**

स्वीकृत सीट की तुलना में अधिक आवेदन मिलने के बावजूद कला, वाणिज्य, गणित एवं डीसीए संकाय की सीटें खाली रह जाती हैं। तीसरे चरण में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भीड़ बढ़ती है तब रिक्त सीटों पर प्रवेश होता है। कई बार अंतिम चरण में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं की भीड़ बढ़ने के कारण मारा मारी की स्थिति निर्मित हो जाती है। आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण गणित एवं डीसीए संकाय को छोड़कर अन्य सभी संकायों की सीटें दूसरी मेरिट सूची में भरने की संभावना जताई जा रही है।

**दोबारा प्रारंभ की जाएगी आवेदन की प्रक्रिया**

प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने उपरांत रिक्त सीटों के लिए दोबारा आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बायो संकाय में अत्याधिक आवेदन मिलने के कारण सीट रिक्त रहने की संभावना नहीं है।

-डॉ.अनिल सिन्हा
प्राचार्य,पीजी कॉलेज



## गहरे गड्ढे में गिरने से इलेक्ट्रिक कार में लगी आग, चालक ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर गुरुवार की तड़के एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। झांपी नाला के पास सुबह करीब 4 बजे एक इलेक्ट्रिक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी और देखते ही देखते उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार पहाड़ अमोरनी निवासी विक्रांत करण कुलदीप आ. स्व. बालकरन कुलदीप (27 वर्ष) अपनी इलेक्ट्रिक कार से अंबिकापुर से गांव लौट रहे थे। जैसे ही कार सवार झांपि नाला के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे एक ट्रक की तेज हेडलाइट की रोशनी के कारण उनकी आंखें चौंधिया गईं जिससे वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से नीचे उतरकर गहरे गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते इलेक्ट्रिक कार आग के गोले में तब्दील हो गई। हालांकि चालक विक्रांत ने खतरे को भांपते हुए समय रहते कार से बाहर छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के बाद घायल युवक ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात राकेश साहू एवं चालक सुधारण लकड़ा मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मामूली चोटें होने के कारण छुट्टी दे दी।

विक्रांत का निवास अंबिकापुर में भी है तथा पहाड़ अमोरनी में उनका फार्म हाउस स्थित है। इसी कारण वह अक्सर इस मार्ग से आवागमन करते हैं। लेकिन गुरुवार तड़के हुई यह दुर्घटना से बाल बाल बच गए। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क दुर्घटनाओं के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हालांकि इस मामले में आग लगने का कारण दुर्घटना के दौरान बैटरी सिस्टम को हुए नुकसान को माना जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## वन भूमि व्यपवर्तन राशि का भुगतान लम्बित रहने से जिला न्यायालय नए भवन का निर्माण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला मुख्यालय सूरजपुर में प्रस्तावित नवीन जिला न्यायालय भवन का निर्माण पिछले कई वर्षों से जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं कारण अधर में लटका हुआ है। अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सामने 4 लाख 68 हजार 340 रुपए की राशि सबसे बड़ी बाधा बन गई है। इसी मुद्दे को लेकर जिला अधिवक्ता संघ सूरजपुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शिवनंदनपुर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

- जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण करने की मांग की
- पिछला भुगतान में देरी होने के कारण वन विभाग ने व्यपवर्तन की राशि को रिवाइज किया, पुन: पौने पांच लाख भुगतान करने को कहा

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा व राजू दास ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2013 में सूरजपुर को नया जिला बनाए जाने के बाद जिला न्यायालय की स्थापना तो कर दी गई, लेकिन आज तक न्यायालय का अपना आधुनिक और स्थायी भवन नहीं बन पाया है। इस कारण



न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं तथा न्याय की तलाश में आने वाले हजारों पक्षकारों को प्रतिदिन असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के अनुसार नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए वर्ष 2017 में भूमि का चयन कर लिया गया था। हालांकि चयनित भूमि में 1.82 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि शामिल होने के कारण वन व्यपर्तन की प्रक्रिया शुरू की गई। यह प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन इसके लिए निर्धारित अंतर की राशि 4,68,340 रुपए जमा किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर द्वारा 6 मई 2026 को जारी पत्र में भी इस राशि के भुगतान का उल्लेख किया गया है। अधिवक्ता संघ का कहना है कि राशि जमा होते ही वन व्यपर्तन की अंतिम स्वीकृति मिल सकती है और न्यायालय भवन निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि परियोजना को लेकर विभागीय स्तर पर कार्यवाही अत्यंत धीमी गति से चल रही है। स्थिति यह है कि इतने वर्षों बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन का विस्तृत ड्राइंग और स्टीमेट तक तैयार नहीं किया गया है। इससे न केवल निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, बल्कि आमजन और अधिवक्ताओं में भी भारी नाराजगी व्याप्त है। संघ का कहना है कि जिला बनने के 13 वर्ष बाद भी न्यायालय का स्थायी भवन न बन पाना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त न्यायालय भवन समय की मांग है।

## शहीदी गुरुपर्व पर ठंडे छबील चना प्रसाद का हुआ वितरण

**बिश्रामपुर ।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरुवार को सिक्खों के पांचवे गुरु श्री अर्जन देव जी का शहीदी गुरुपर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया,अखंड पाठ की समाप्ति व अरदास पश्चात परंपरा अनुसार चना प्रसाद व ठंडे छबील का वितरण किया गया,सिक्ख युवा समिति के सदस्यों ने बस स्टैंड,वन बी-वन सी कॉलोनी में भी स्टॉल लगाकर तपती व उमस भरी गर्मी में राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडी छबील शरबत पिलाया,गौरतलब है कि सिक्खों के पंचम पातशाही श्री गुरु अर्जन देव को जून माह में धर्म व न्याय की रक्षा के लिए शहीदी प्राप्त हुई थी, सिक्ख परंपरा अनुसार इन्हें शहीदों का सरताज भी कहा जाता है।



## नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किए गए अधिवक्ता सोनी

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट आरटीआई एंड पीआईएल कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया है।

- अरबाज खान, करण मेहरा अशनूर कौर ने किया सम्मानित

अधिवक्ता डॉ. सोनी को यह सम्मान 30 मई को ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कर्नाटक के हुबली स्थित होटल डेनिसंस में आयोजित भव्य समारोह में नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान, टीवी कलाकार करण मेहरा एवं अभिनेत्री अशनूर कौर के साथ साथ गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर के करकमलों से डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में 27 राज्यों के लोग उपस्थित थे तथा गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर, वाइस प्रेसिडेंट ऐश्वर्या दवास्कर भी उपस्थित थी। डॉ. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत हैं। अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से वे आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के जरिए कई महत्वपूर्ण मामलों को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है। देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया के बाद जनहित, आदिवासी हित, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. सोनी का चयन किया गया। इस सम्मान से अंबिकापुर सहित पूरे सरगुजा क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



## प्राकृतिक खेती पर किसान मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों को रसायन मुक्त कृषि के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला उत्साह, जनभागीदारी एवं किसान हितैषी विचारों के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 51 प्रगतिशील किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं बल्कि किसानों की आर्थिक समृद्धि, भूमि की उर्वरता तथा मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्राकृतिक खेती को नई पहचान मिली है। किसान मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यशाला किसानों को नई दिशा देने का कार्य कर रही है।

विशिष्ट अतिथि एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि केंद्र सरकार के सफल 12 साल बेमिसाल कार्यकाल में किसानों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर मजबूती के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। कृषि क्षेत्र में भी अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। किसान मोर्चा के संभागीय प्रभारी रमेश सिंह ने प्राकृतिक खेती की व्यावहारिक जानकारी देते हुए किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र तथा अन्य जैविक घोल तैयार करने की विधि समझाई। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। रसायन युक्त कृषि से जहां भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है वहीं मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। यह खेती किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डॉ. रोमिना खेस , चैनेश पटेल ,अमित पैकरा, सूर्य प्रताप गुप्ता, लीलाधर साहू ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह खेती कम लागत, अधिक उत्पादन, मिट्टी की उर्वरता संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है।



### हाथियों ने घर को पहुंचाया नुकसान

**नर्मदापुर।** मैनपाट क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहे हाथियों के दल ने बुधवार की रात चार ग्रामीणों के घरों को तोड़ दिया है जिनमें से दो घर कंडराजा कॉलोनी में स्थित थे एवं दो घर कोरवा बस्ती बिकुलढाप में स्थित है। क्षेत्र में 13 हाथियों के दल लंबे समय से विचरण कर रहा है।

### रंजू को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व

**अम्बिकापुर।** अभा अग्रवाल सम्मेलन ने नगर की रंजू अग्रवाल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। समाज के इतने बड़े पद पर पहली बार किसी महिला को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राहुल मेडिकल के संचालक एवं पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती अग्रवाल को अभा अग्रवाल सम्मेलन ने समाज में उनकी सक्रियता, महिलाओं को जोड़ने एवं महिला नेतृत्व की क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग**
**छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी मर्यादित, मनेन्द्रगढ़**

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही उपकेन्द्र बैकुण्ठपुर से निकलने वाली खड़गवां फीडर के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खडगवां में सब-स्टेशन यार्ड में आवश्यक सुधार कार्य हेतु कार्य संपादित किये जाने के कारण निम्नलिखित क्षेत्रों में दर्शायी गयी तिथि एवं समय पर विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी :-

| क्र. | विद्युत आपूर्ति बंद रहने की तिथि | समय | फीडर/उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.06.2026 (रविवार) | सुबह 10 बजे से दोपहर 05 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र, खडगवां | 11 के.व्ही. खड़गवां, 11 के.व्ही. बरदर, 11 के. व्ही. रतनपुर, 11 के.व्ही. बरमपुर एवं 11 के.व्ही. बंजारीडांड से संबंधित क्षेत्र |
| | | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कोडा | इस उप केन्द्र से निकलने वाली सभी फीडर |
| | | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र छोटेकलुआ | इस उप केन्द्र से निकलने वाली सभी फीडर |
| | | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सकरिया | इस उप केन्द्र से निकलने वाली सभी फीडर |

आवश्यकतानुसार बंद की अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए विद्युत वितरण कंपनी को खेद है।

** विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें। * * विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है। **

**कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग**
**छ.रा.वि.वित.क.मर्या., मनेन्द्रगढ़**






## खबर संक्षेप

### पम्प चोरी के फरार आरोपी और खरीददार गिरफ्तार



बिश्रामपुर। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लटोरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में एक और सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी 21 वर्षीय ओम प्रकाश चेरवा पिता समय लाल चेरवा निवासी मजीरा फुलवारपारा को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी 21 वर्षीय गणेश चेरवा पिता जलिनधर चेरवा निवासी मजीरा फुलवारपारा को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया 3 एचपी का समर्शिबल पंप बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी के बाद उक्त पंप को कम कीमत पर बेच दिया गया था, जिसे गणेश चेरवा ने खरीद लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर दस हजार का जुर्माना

अंबिकापुर। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। सरगुजा पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने वाले को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। इस मामले में न्यायालय द्वारा दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएच 3014 को रुकवाकर वाहन चालक से पूछताछ की गई। चालक की पहचान ठनगनपारा निवासी 27 वर्षीय धर्मेन्द्र गुप्ता आ. स्व. मुन्ना लाल गुप्ता के रूप में की गई। चालक शराब के नशे मे धुत्त पाया गया जिसके बाद पुलिस ने स्कूटी चालक के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय द्वारा स्कूटी चालक को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया हैं।

### अंजू को मिला विद्या वाचस्पति की उपाधि



अम्बिकापुर। साहित्यकार अंजू पाण्डेय को हिंदी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए काशी हिन्दी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा विद्या-वाचस्पति का मानद उपाधि प्रदान की गई है। अंजू पाण्डेय कविता, मुक्तक व अन्य साहित्यिक विधाओं में लम्बे समय से सक्रिय हैं। उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम, नारी अस्मिता, प्रकृति संरक्षण, सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदनाएं और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त स्वर देखने को मिलता है।

### बच्चों में पढ़ाई के प्रति ललक और रुचि बढ़ाने शिक्षकों को दिए विशेष निर्देश

# कलेक्टर ने ब्लैकबोर्ड पर लिखकर बच्चों को समझाया गणित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने शुक्रवार को बैकुंठपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया, उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्न लिखकर विद्यार्थियों को सरल तरीके से समझाया और उनसे प्रश्नों के उत्तर भी पूछे। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि एवं सीखने की ललक विकसित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए शिक्षकों को नियमित रूप से नवाचारी एवं रोचक शिक्षण पद्धतियों का उपयोग करना चाहिए।



बच्चों को गणित बताती कलेक्टर।



निरीक्षण करती कलेक्टर।

### पालकों से की कलेक्टर ने अपील

कलेक्टर यादव ने पालकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। बच्चों के सपने साकार करने में शिक्षकों को बड़ी भूमिका कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी चर्चा की। कई विद्यार्थियों ने डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी एवं सैनिक बनने की इच्छा व्यक्त की।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ स्वागत

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षा छठवीं एवं नवमीं में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत भी किया।रसोई घर का किया निरीक्षण कलेक्टर यादव ने बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच की , रसोई कक्ष में जाकर बनने वाले भोजन, सब्जी को भी परखा। उन्होंने शिक्षकों से कहा हरी सब्जियां, चावल, रोटियां, दाल, सलाद नियमित रुप से परोसे। बच्चों को हाथ धोकर भोजन करने के लिए प्रेरित करें साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर यादव ने पालकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें। बच्चों के सपने साकार करने में शिक्षकों को बड़ी भूमिका कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी चर्चा की। कई विद्यार्थियों ने डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी एवं सैनिक बनने की इच्छा व्यक्त की।

### प्राचार्य को मिली फटकार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्राचार्य एवं शिक्षकों से पूछा कि विद्यालय खुलने के बाद भी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पालकों से संपर्क क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालय खुलने के बाद भी विद्यार्थियों का नहीं आना अत्यंत गंभीर विषय है। कलेक्टर ने प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए स्वयं पहल करें। कलेक्टर श्रीमती यादव ने शिक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के बाद उनके करियर, विषय चयन तथा भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में भी मार्गदर्शन दें। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शिक्षक अपने बच्चों को अधिकारी, इंजीनियर, डॉक्टर, वकील या प्रोफेसर बनाने के लिए मेहनत करते हैं, उसी समर्पण के साथ विद्यालय के प्रत्येक बच्चे के भविष्य के लिए भी कार्य करें। सरकार ने शिक्षकों को बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। प्राथमिक शाला बंजारीडांड में कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक बच्चे से बातचीत कर उनकी सीखने की क्षमता और शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। अध्ययन स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने प्रधान पाठक को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्चे मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें उचित मार्गदर्शन और परिश्रम से बेहतर आकार दिया जा सकता है। उन्होंने बच्चों की क्षमता एवं दक्षता के विकास के लिए विशेष प्रयास करने तथा कक्षा अनुसार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित हो

कलेक्टर ने शिक्षकों को प्रत्येक शनिवार सामान्य ज्ञान आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे पहचानकर निखारने की आवश्यकता है, ताकि उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की जिम्मेदारी केवल नौकरी करना नहीं, बल्कि बच्चों का भविष्य गढ़ना, उनकी नींव मजबूत करना और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। उन्होंने सभी विद्यालयों में तत्काल अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रारंभ करने तथा पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन विद्यार्थियों को नई पुस्तकें प्राप्त नहीं हुई हैं।

# लखपति दीदी अभियान ने बदली महिलाओं की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित लखपति दीदी अभियान जिले के विकासखंड सोनहत के ग्राम बिरौरीडांड और पिपरडांड में ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा है। ग्राम पंचायत कुशहा के अंतर्गत आने वाले ये दोनों गांव आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के सफल मॉडल के रूप में उभर रहे हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलाओं ने विभिन्न आजीविका गतिविधियों को अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप दोनों गांव अब लखपति ग्राम बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर हैं।

ग्रामीण परिवारों की महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित लखपति दीदी अभियान का लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण महिला की वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक करना है। इसी उद्देश्य को लेकर बिरौरीडांड और पिपरडांड में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। ग्राम बिरौरीडांड में कुल 48



परिवार निवासरत हैं, जिनमें से 44 परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से अधिक हो चुकी है। वहीं ग्राम पिपरडांड में कुल 38 परिवार हैं, जिनमें से 32 परिवारों ने एक लाख रुपए वार्षिक आय का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस प्रकार दोनों गांवों के लगभग 90 प्रतिशत से अधिक परिवार लखपति दीदी अभियान के दायरे में आ चुके हैं। इन गांवों की महिलाएं स्व-सहायता समूहों के माध्यम से नियमित बचत कर रही हैं तथा समूहों से ऋण प्राप्त कर विभिन्न आयवर्धक गतिविधियों का संचालन कर रही हैं।महिलाओं ने एकल आजीविका के बजाय बहुआयामी आजीविका मॉडल को अपनाया है, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। कृषि आधारित गतिविधियों में सब्जी उत्पादन, दो फसली खेती, पाम प्लांटेशन, शहद उत्पादन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, पशुपालन एवं मत्स्य पालन शामिल हैं। वहीं गैर-कृषि क्षेत्र में सिलाई केंद्र, किराना दुकान, आटा चक्की, राइस मिल एवं अन्य लघु व्यवसायों का संचालन किया जा रहा है।गांव की कई महिलाएं आज ह्यलखपति दीदीह्य के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। इनमें लीलावती, मंगली, रामबाई, नानी बाई, कुसुम, सुनीता, जयकुमारी, कुमुद धुर्वे, कौशल्या मीना, कल्पलता राजमणि और सुमित्रा सहित अनेक महिलाएं शामिल हैं। इन महिलाओं ने कृषि, पशुपालन, शहद उत्पादन, मत्स्य पालन और स्वरोजगार गतिविधियों को एक साथ अपनाकर अपनी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक तक पहुंचाई है। लखपति दीदी अभियान की एक महत्वपूर्ण विशेषता महिलाओं की आय का वैज्ञानिक मूल्यांकन है। भारत सरकार के द्वारा तय पोर्टल के माध्यम से संचालित गतिविधियों में होने वाले व्यय एवं लाभ का त्रैमासिक मूल्यांकन किया जाता है, जिससे वास्तविक आय का आकलन संभव हो पाता है। ग्राम स्तर पर नियुक्त लखपति स्रोत व्यक्ति परिवारों की आय का सत्यापन, गतिविधियों की निगरानी तथा पोर्टल में जानकारी दर्ज करने का कार्य कर रहे हैं।इन गांवों की सफलता के पीछे विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी अभिसरण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिला प्रशासन ने विभिन्न विभागीय योजनाओं को एकीकृत कर महिलाओं को अधिकतम लाभ उपलब्ध कराया है। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा शहद उत्पादन का प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया, जबकि उद्यानिकी विभाग ने पाम प्लांटेशन के लिए पौधे उपलब्ध कराए। कृषि विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, उन्नत बीज एवं तकनीकी सहायता दी गई।

# सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा में 20 श्रद्धालु होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

- 22 जून को रायपुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन को दिखाई जाएगी हरी झंडी

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित होने वाली सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा में कोरिया जिले से 20 विशिष्टजन एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। यह 5 दिवसीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक यात्रा 22 जून से 26 जून 2026 तक रायपुर से सोमनाथ (गुजरात) तक विशेष ट्रेन के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

संस्कृति विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य से 1000 विशिष्टजनों की सहभागिता के साथ सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ 22 जून 2026 को प्रातः 9 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति मंत्री करेंगे तथा प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री द्वारा विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यात्रा के लिए प्रत्येक जिले से 20 विशिष्टजन का चयन किया जा रहा है। इनमें पद्म विभूषण, पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, लोक कलाकार तथा अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जा रही है। कोरिया जिले से भी 20 प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा, जो जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के शिवालयों की पावन मिट्टी तथा जिले की पवित्र नदियों के जल कलश के साथ यात्रा में शामिल होंगे। चयनित प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियुक्त दो नोडल अधिकारी भी 22 जून को प्रातः 7 बजे तक रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। यात्रा में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा तथा उनकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में संस्कृति विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। यात्रा के दौरान 23 एवं 24 जून को सोमनाथ में मंदिर दर्शन, कलश यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे कलाकार अपनी पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। 25 जून को विशेष ट्रेन सोमनाथ से रायपुर के लिए रवाना होगी तथा 26 जून को दोपहर लगभग 2 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

## संत गहिरा गुरु विव ने अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज के साथ किया एमओयू

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय एवं अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल के मध्य एमओयू हस्ताक्षर किये गए।

कुलपति प्रो राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज प्राइवेट लिमिटेड, की डायरेक्टर अपर्णा अवस्थी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान नोडल अधिकारी प्राध्यापक डॉ. रोहिताश देशमुख, एवं सह नोडल अधिकारी डॉ. समन नारायण उपाध्याय उपस्थित थे। कुलसचिव प्रो.डॉ.त्रिपाठी ने बताया कि इस एमओयू का मूल उद्देश्य अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिधि में आने वाले मुख्य धरा से विरत हस्त-शिल्पियों, मिट्टी का बर्तन बनाने वाले, विशिष्ट कृषि उत्पादन करने वाले तथा स्थानीय उपज को संगृहीत करने वाले लोगों का कौशल विकास करना, उन्हें अपने उत्पादों को बाजार में ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार एवं इंटरप्रेन्योरशिप की दक्षता का विकास करना है।

## नन्हें कदम बढ़े स्कूल शाला प्रवेश उत्सव में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ नगर के कोईरीटोला स्थित प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प दिलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।



शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। नवप्रवेशी बच्चों के चेहरे पर विद्यालय से जुड़ने की खुशी साफ झलक रही थी। अतिथियों ने बच्चों एवं उनके पालकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करने का कहा गया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## दंपति को चोर बताकर ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला, पति की मौत

अम्बिकापुर। पत्नी से विवाद कर देर रात पति घर से निकल गया। पति को खोजते हुए पत्नी ग्राम बिछली पहुंची तो गांव के ही कुछ लोगों ने दंपति को देर रात देख न सिर्फ चोर बताया बल्कि दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए पति की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सागर थाना अंतर्गत ग्राम पमखेड़ी निवासी राज कुमार आ. सत्यनारायण डेढ़ माह से मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कठौतिया मायके आई पत्नी प्रमिला को लेने गया था। 14 जून की रात राज कुमार शराब पीकर घर आया और देर रात लगभग 1 बजे पत्नी को घर चलने की बात कही जिस पर पत्नी प्रमिला ने पिता की तबीयत खराब होने तथा ठीक हो जाने पर जाने की बात कही जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अंकसूची के इंतजार...

वंचित नहीं किया जाएगा। जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश विद्यालयों में अभी तक पांचवीं एवं आठवीं केंद्रीयकृत परीक्षा की अंकसूची उपलब्ध नहीं हो सकी है। इसके चलते विद्यार्थी और उनके अभिभावक असमंजस की स्थिति में हैं। अभिभावकों का कहना है कि समय पर अंकसूची मिलने से प्रवेश प्रक्रिया में होने वाली परेशानी से राहत मिलती।

### सीएमएचओ ने ली...

की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आयु वर्ग के अनुसार सभी विद्यार्थियों को आयरन फोलिक एसिड का शत-प्रतिशत सेवन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि लक्षित हितग्राहियों को योजना का पूरा लाभ मिल सके। इसके अलावा निश्चय मित्र अभियान के तहत क्षय रोग (टीबी), कुष्ठ रोग एवं मलेरिया नियंत्रण को लेकर भी चर्चा की गई। जन-जागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा लोगों तक स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### यातायात नियमों के...

स्थानों पर सड़क सुरक्षा संबंधी सुधारात्मक कार्यों एवं दुर्घटनाओं में कमी आने के कारण उन्हें ब्लैक स्पॉट की श्रेणी से हटा दिया गया है,वर्तमान में केवल 4 ब्लैक स्पॉट शेष हैं,जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, कलेक्टर द्वारा यातायात व्यवस्था सुधार करने शक्ति निर्देश दिए हैं,बैठक में डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी, जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम,यातायात प्रभारी विनोद दुबे सहित अन्य संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मानसून की देरी...

किसानों ने ट्रैक्टर से खेतों की जुताई शुरू कर दी है। मौसम में बदलाव देखकर बारिश की उम्मीद तो बढ़ रही है, लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं। किसानों को अब अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार है, ताकि खरीफ फसलों की तैयारी शुरू की जा सके।

कही हल्की तो कही तेज बारिश - जिले में शुक्रवार को कई क्षेत्रों में बारिश हुई इस दौरान कही तेज तो कही हल्की बारिश हुई लेकिन कई क्षेत्र सूखे रहे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सोनहत जनपद क्षेत्र में कई जगहों पर जमकर बारिश हुई जबकि मुख्यालय बैकुण्ठपुर में इस दिन रूक रूक कर हल्की बारिश हुई। इसके एक दिन पूर्व ग्राम आमगॉव व आस पास के क्षेत्रों में कुछ देर की झमाझम बारिश हुई थी।

### समाधान की दिशा में पहल की तैयारी, वर्षों से जमा हो रही रेत बनी बड़ी समस्या

# रेत भराव से घट रही कनहर एनीकट की जल भंडारण क्षमता, लोग चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कनहर एनीकट में लगातार बढ़ रहे रेत भराव ने गंभीर समस्या का रूप ले लिया है। विगत कई वर्षों से एनीकट में बड़ी मात्रा में रेत जमा होने के कारण इसकी जल भंडारण क्षमता लगातार घटती जा रही है। वर्तमान स्थिति यह है कि एनीकट की स्टोरेज क्षमता घटकर लगभग 30 प्रतिशत तक सीमित रह गई है, जिससे इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

जानकारों के अनुसार कनहर नदी के साथ बहकर आने वाली रेत वर्षों से एनीकट के जलाशय क्षेत्र में जमा होती रही है। समय पर सफाई और गहरीकरण नहीं होने के कारण रेत की मोटी परत बन गई है, जिससे जल संग्रहण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बरसात के दौरान एनीकट में पर्याप्त पानी आता है, लेकिन कम भंडारण क्षमता के कारण बड़ी मात्रा में पानी का संचयन नहीं हो पाता।सूत्रों के अनुसार पिछले वर्ष तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर से चर्चा कर एनीकट से रेत निकालने की पहल की थी। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रयास भी किया गया था, लेकिन इसी दौरान उनके स्थानांतरण हो जाने के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका और प्रस्ताव अधूरा रह गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि कनहर एनीकट नगर और आसपास



रेत से पटा एनीकट।

के क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण जल स्रोत है। समय रहते यदि रेत निकासी और गहरीकरण का कार्य कराया जाता है तो एनीकट की जल भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। वर्तमान में लोगों की नजरें जल संसाधन विभाग और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### मात्र 30 प्रतिशत रह गई स्टोरेज क्षमता

कनहर एनीकट में नियमित सफाई नहीं होने के कारण रेत वर्षों से जमा हो रही है। ऐसे में अब एनीकट में रेत जमाव होने से पानी की स्टोरेज क्षमता मात्र 30 प्रतिशत रह गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि एनीकट में नियमित रूप से जमा हो रही रेत की सफाई और गहरीकरण कार्य कराए जाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी तथा जल संरक्षण के उद्देश्य को भी मजबूती मिलेगी। अब देखना होगा कि विभाग द्वारा प्रस्तावित पहल कब धरातल पर उतरती है।

### विभागीय पलट की उम्मीद

नगर के लिए कनहर नदी जीवनदायिनी है। नगर की जलापूर्ति कनहर नदी के एनीकट पर ही निर्भर है। ऐसे में वर्षों से एनीकट में रेत भराव एक बड़ी समस्या बन गई है। हालांकि विभाग भी एनीकट रेत भराव की समस्या से न सिर्फ अवगत है बल्कि समस्या से निजात दिलाने पहल शुरू कर दी है।

### जल भंडारण हुई है प्रभावित

एनीकट में अत्यधिक रेत भराव होने से उसकी जल भंडारण क्षमता प्रभावित हुई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा तथा एनीकट से रेत निकासी के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

-एनपी डहरिया, कार्यपालन अभियंता